काशी हिन्दू विश्वविद्यालय BANARAS HINDU UNIVERSITY

परीक्षा नियंता कार्यालय

Established by Parliament by Notification No. 225 of 1916

OFFICE OF THE CONTROLLER OF EXAMINATIONS

पत्रांक संख्या CE/Account/2193

दिनांक : 12.08.2020

सेवा में,

....

....

....

....

विषय : गोपनीय रद्दी कागजों की बिक्री के सन्दर्भ में।

महोदय,

विश्वविद्यालय की गोपनीय परीक्षा सामग्रियों जैसे प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाएँ, सूचना पुस्तिकाएँ इत्यादि के निस्तारीकरण हेतु आपके फर्म को एक निविदा दस्तावेज तथा नियम एवं शर्तों का प्रपत्र भेजा जा रहा है। उपरोक्त संदर्भ में इच्छुक होने पर संलग्न निविदा प्रपत्र में प्रत्येक सामग्री के लिए अपनी अधिकतम दर भर कर अधोहस्ताक्षरित के कार्यालय में दिनांक 05.09.2020 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक जमा कर सकते हैं।

भवदीय,

संलग्नक : निविदा प्रपत्र

सहायक कुलसचिव(परीक्षा–वि0प्र0प0)

एवं

सचिव, विभागीय निविदा समिति

सहायक कुलसचिव (परीक्षा-वि0प्र0प0)
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
Banaras Hindu University
वाराणसी - २२१ ००५
Varanasi 221 005

सेवा में,

परीक्षा नियंता,

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

वाराणसी – 221 005

विषय : *गोपनीय परीक्षा सामग्री की बिक्री हेतु निविदा सूचना।*

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में प्रत्येक सामग्री की अधिकतम दरें, निम्नांकित हैं :

क्र0सं0	सामग्री	दर (प्रति क्विंटल)	संभावित पल्पिंग मिल का नाम /पता
1	परीक्षा में प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाएं		
2	प्रवेश परीक्षाओं की प्रश्न पुस्तिकाएं		
3	प्रवेश परीक्षाओं में प्रयुक्त हो चुकी ओ0एम0आर0 शीट्स		
4	स्वीपिंग मैटिरियल		

मैं /हम इस निविदा के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न कर रहा हूँ /रहे हैं :–

1. धरोहर राशि (अर्नेस्ट मनी) रू0 10,000/– डिमान्ड ड्राफ्ट संख्या.............................. दिनांक............................शाखा................................
2. उपलब्धि के प्रशंसा/प्रत्यय पत्र
3. अन्य यदि कोई हो :

मैं/हम यह घोषणा करता हूँ /करते हैं कि मैंने/हमने निविदा प्रपत्र सं0........................ में उल्लिखित नियम व शर्तें पढ़ तथा समझ लिये हैं तथा सभी नियम व शर्तें मुझे/हमें स्वीकार है।

हस्ताक्षर:

नाम:

फर्म का नाम:

पता:

गोपनीय रद्दी कागजों की खरीद हेतु अर्हताऐं एवं शर्तें

कार्यालय परीक्षा नियंता, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में निम्नलिखित परीक्षा सामग्रियों को नष्ट करने हेतु हितों की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं0	सामग्री	अनुमानित भार (कुन्तल में)
1.	परीक्षा की प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाएं	50
2.	प्रवेश परीक्षाओं की प्रश्न पुस्तिकाएं	15
3.	प्रवेष परीक्षा में प्रयुक्त हो चुकी ओ0एम0आर0 शीट्स	05
4.	स्वीपिंग मैटिरियल	15

नियम एवं शर्तें :–

1. दर केवल प्रति क्विंटल में ही दें।
2. उपलब्ध सामग्री का भार अनुमानित भार में ही उपलब्ध है। सूची में दी गयी सामग्री के अनुमानित भार एवं वास्तविक भार भिन्न हो सकते हैं।
3. प्रस्ताव के बाद निविदा स्वीकृत होने की दशा में जमानत राशि रू0 50,000/– किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट जो **"परीक्षा नियंता, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय"** के पक्ष में **वाराणसी** में ही देय हो, निर्धारित समय सीमा के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा। जमानत राशि निर्धारित समय सीमा में जमा न करने पर निविदा स्वतः निरस्त मानी जाएगी।
4. निविदा स्वीकृत होने हेतु अर्हराशि के जमा करने की तिथि से 21 दिनों के अन्दर रद्दी सामग्री परीक्षा नियंता कार्यालय से निस्तारित करने हेतु ले जाना अनिवार्य होगा। ऐसा न करने पर प्रस्ताव राशि जब्त करते हुये प्रस्ताव निरस्त कर दिया जायेगा।
5. कार्यालय के दो अधिकृत कर्मचारियों (जिन्हें गोपनीय सामग्री के साथ पल्पिंग मिल तक जाने हेतु अधिकृत किया जायेगा) का मार्ग व्यय व भत्ता भी प्रस्तावक को विश्वविद्यालय के नियमानुसार फर्म को ही वहन करना होगा।
6. यदि कोई थोक व्यापारी भी प्रस्ताव प्रस्तुत कर रहा है तो वे उन्हे पूर्व में लगातार 3 साल तक इस प्रकार की सामग्री खरीदने/नष्ट करने के संबंध में अनुबन्ध/उपलब्धि की प्रशंसा/प्रत्यय पत्र तथा संभावित पल्पिंग मिल का पता अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।
7. प्रस्तावक/निविदादाता प्रयुक्त लिफाफे के ऊपर सामग्री का नाम तथा प्रस्तावक का नाम, पता एवं मोबाईल नं0 एवं इ–मेल अवश्य अंकित करें।
8. अधोहस्ताक्षरी कभी भी बिना कारण बताये आंशिक अथवा पूर्ण रूप से प्रस्तावों को निरस्त कर सकता है।
9. सभी प्रकार के कर जमा करने का दायित्व प्रस्तावक का ही होगा।
10. इस प्रस्ताव में कार्य की गोपनीयता तथा सामग्री की पल्प बनाने तक की सम्पूर्ण सुरक्षा पूरी तरह से प्रस्तावक से अपेक्षित है।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा-यू०ई०टी०)
Assistant Registrar (Exams-U.E.T.)
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
Banaras Hindu University
वाराणसी - २२१ ००५
Varanasi 221 005